Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 07-03-2007

Participants : Kaswan Shri Ram Singh

Title:Need to provide manned railway crossing in Churu district of Rajasthan -laid.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू राजस्थान में मानव सहित रेलवे क्रॉसिंग की विकट समस्या बनी हुई है। सैंकड़ों वर्षों से रास्ते जो एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ते हैं, रेलवे लाइन के कारण बंद हो गए हैं। ये माग राजस्व रिकार्ड में वर्षों से दर्ज हैं, चुरू संसदीय क्षेत्र में लगभग 450 कि0मी0 मार्ग पर रेलवे लाईन हैं, इतने बड़े रेलवे लाईन पर रेलवे लाईन को पार करने में मात्र 24 मानव सहित क्रॉसिंग है व मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग दो चार हो सकते हैं, ये रेलवे क्रॉसिंग भी अधिकांश शहरों के दोनों तरफ है। मेरी गृह तहसील राजगढ़, जिला चुरू राज. के रेलवे स्टेशन सादुलपुर की चुरू मुख्यालय तक की दूरी 56 कि0मी0 ग्रामीण क्षेत्र में मात्र 2 ही रेलवे समपार है, कल्पना कीजिए इतने लंबे रास्ते की ग्रामीण जनता कैसे रेलवे लाईन को पार कर रही है, आज प्रत्येक घर में ऊंट गाड़ी, ट्रेक्टर, जीप आदि है, कैसे किसान इनका उपयोग कर पा रहा होगा। मैंने इस मुद्दे को बार बार उठाया है लेकिन आज तक कोई सार्थक पहल नहीं की गई है व रेलवे समपार के मामले की नीति में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि गांवों को आपस में जोड़ने वाले रास्तों पर जहां से रेलवे लाईन को पार करना पड़ता है, वहां मानव सहित रेलवे क्रॉसिंग की व्यवस्था ग्रामीण जनता को राहत प्रदान करे।